06 पाराशरी नदी पुल से अतिक्रमण हटाया...



07 14 करोड़ सदस्यों के साथ भाजपा विश्व की सबसे...





## खबर संक्षेप

### टीईटी को लेकर शिक्षकों का धरना, रैली आज

**विदिशा।** टीईटी परीक्षा से मुक्ति एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग को लेकर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर जिलेभर के शिक्षक आज बुधवार को शाम 3:30 बजे नीमताल स्थित गांधी प्रतिमा पर एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद शिक्षक पैदल रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। जिला अध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि जब तक सरकार दोनों मांगें नहीं मानती, आंदोलन जारी रहेगा। जिला संयोजक नवल सिंह रघुवंशी ने शिक्षकों के साथ संघर्ष का संकल्प दोहराया। संयोजक कृष्ण गोपाल राय ने कहा कि वरिष्ठता का विषय सुप्रीम कोर्ट का निर्णय नहीं है, सरकार चाहे तो नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दे सकती है। चंद्रभूषण किरार के अनुसार लगभग 3 हजार शिक्षक शामिल होंगे।

### भोपाल से नाबालिग को बरामद किया गया

**विदिशा।** पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए 17 वर्ष 11 माह की नाबालिग बालिका को भोपाल से बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। 9 दिसंबर 2025 को बालिका के लापता होने पर थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया था। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में टीम गठित कर सघन तलाशी, सीसीटीवी फुटेज की जांच और संभावित स्थानों पर खोजबीन की गई। लगातार प्रयासों के बाद 5 अप्रैल को बालिका सुरक्षित मिली, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली।

### दो घंटे में दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** मुगलसराय थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के आरोपी को महज दो घंटे में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। 7 अप्रैल को एक युवती ने गांव के युवक पर जबरन दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में टीम सक्रिय हुई। प्रकरण दर्ज कर आरोपी संतोष कुशवाह (21) निवासी पेकोली को गिरफ्तार कर न्यायालय सिरोंज में प्रस्तुत किया गया।

### करियर काउंसलिंग शिविर 12 अप्रैल को


**विदिशा।** युवा कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास परिषद, विदिशा द्वारा कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 12 अप्रैल रविवार को दोपहर 3 से 6 बजे तक तारा देवी हॉल, बाल विहार में निःशुल्क करियर काउंसलिंग शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में विषय विशेषज्ञ विद्यार्थियों को उनकी रुचि, क्षमता और व्यक्तित्व के आधार पर उचित मार्गदर्शन देंगे। सत्र में स्वयं की क्षमताओं की पहचान, सही विषय व करियर चयन तथा भविष्य के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने पर विशेष जोर रहेगा। परिषद ने अभिभावकों से बच्चों को शिविर में अवश्य भेजने का आग्रह किया है।

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले में गरमाई सियासत

# मंडी पहुंचे जीतू पटवारी, समर्थन मूल्य की गेहूं खरीदी अव्यवस्था पर सरकार को घेरा

*केंद्रीय कृषि मंत्री के गृह जिले विदिशा में उस समय सियासत तेज हो गई, जब मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी अचानक कृषि मंडी पहुंचकर किसानों के बीच जा बैठे। उन्होंने किसानों से सीधे संवाद किया।*





विदिशा। कृषि उपज मंडी पहुंचकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने किसानों से सीधे संवाद किया। उन्होंने एक किसान के साथ बैठकर मंडी में खाना भी खाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गेहूं की सरकारी खरीदी में देरी और मंडी में भाव कम मिलने से परेशान किसानों से संवाद करने के लिए कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी मंगलवार को विदिशा मंडी पहुंचे।

किसानों से चर्चा करते हुए उन्होने प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया और चेतावनी दी कि अगर गेहूं की खरीदी चालू नहीं कराई तो वे स्वयं ट्रैक्टर चलाते हुए भोपाल से उज्जैन जाएंगे। जहां वे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के घर पहुंचकर प्रदर्शन करेंगे। मंडी पहुंचे जीतू पटवारी ने सबसे पहले किसानों से चर्चा कर पूछा कि गेहू का भाव कितना मिल रहा है। इस दौरान किसानों ने बताया कि गेंहू के दाम 2100 रुपए से लेकर ढाई हजार तक चल रहा है। पटवारी ट्रैक्टर पर चढ़कर किसानों से चर्चा करते नजर आए और एक किसान के आग्रह पर चौपाल में बैठकर टिफिन का भोजन भी किया। किसानों ने बताया कि उन्हें फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा। इस पर पटवारी ने कहा कि सरकार के बड़े वादे जमीनी स्तर पर पूरे नहीं हो रहे हैं। उन्होंने शिवराज सिंह चौहान और मोहन यादव पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि 2700 रुपये प्रति क्विंटल के वादे का क्या हुआ। पटवारी ने चेतावनी दी कि यदि 11 अप्रैल से गेहूं खरीदी शुरू नहीं हुई तो कांग्रेस आंदोलन करेगी। 9 अप्रैल को प्रदेशभर में कलेक्ट्रेट घेराव और धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

व्यापारी किसानों के गेंहू की बोली कम ही लगा रहे हैं। गेंहू से भरी ट्राली पर बैठकर ही जीतू पटवारी ने किसानों से संवाद किया। मंडी पहुंचने पर बड़ी संख्या में किसान भी पहुंचे और जीतू पटवारी से चर्चा की। इस दौरान पूर्व सांसद प्रतापभानू शर्मा, जिले के प्रभारी प्रभू सिंह ठाकुर, शैलेंद्र पटेल, किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी, प्रदेश प्रवक्ता राहुल राज, कांग्रेस नेता आनंदप्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष रवि साहू, सुंदर सिंह दांगी, गोविंद सिंह राजपूत, विनीत दांगी, नरेंद्र सिंह दांगी, सुशील शर्मा आदि मौजूद रहे।

#### कृषि कल्याण वर्ष नहीं किसान शोषण वर्ष है

जीतू पटवारी ने कृषि मंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि आपने कृषि कैबिनेट बनाने की घोषणा की थी अब वह कहा है। कृषि कैबिनेट से कृषि के लिए अलग बजट बनाने की बात भी भाजपा द्वारा कही गई थी। किसानों ने गेंहू पैदा कर लिया तो अब सरकार खरीदी शुरु करने में टालमटोल कर रही है। जीतू पटवारी ने कहा कि किसान कल्याण वर्ष नहीं इसे किसान शोषण वर्ष के रूप में जाना जाएगा।

#### 9 अप्रैल को जिलास्तर पर किया जाएगा घेराव

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि 9 अप्रैल को प्रदेशभर में जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस घेराव को सफल बनाने उन्होने किसानों से इसमें शामिल होने का आव्हान किया है। उन्होने किसानों से कहा कि आपके वोट से भाजपा ने प्रदेश में और केंद्र में सरकार बनाई है। इसलिए आप अपने नेताओं से सवाल करो।

### आधे हुए खरीदी केंद्र गेहूं तुलाई को लेकर किसान होंगे परेशान

**पांच केंद्रों पर बढ़ेगा दबाव, दूरदराज के किसानों को उठानी पड़ रही अधिक लागत**

**शमशाबाद।** शमशाबाद तहसील क्षेत्र में इस वर्ष गेहूं खरीदी व्यवस्था किसानों के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। वर्ष 2025 में जहां 11 समर्थन मूल्य खरीदी केंद्र बनाए गए थे, वहीं वर्ष 2026 में इन्हें घटाकर केवल 5 कर दिया गया है। प्रशासन के इस निर्णय से किसानों में नाराजगी और चिंता बढ़ गई है। इस बार वर्धा, भगवानपुर, बिछिया, पीपलधार और इमलिया जागीर में ही खरीदी केंद्र निर्धारित किए गए हैं। केंद्रों की संख्या आधी होने से इन स्थानों पर भारी भीड़ उमड़ने की आशंका है। किसानों को घंटों नहीं बल्कि कई दिनों तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ सकता है, जिससे तुलाई की प्रक्रिया प्रभावित होगी। दूरस्थ गांवों के किसानों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। बीलखेड़ी, साढ़ेर और बाढ़ेर क्षेत्र के किसानों को लगभग 18 किलोमीटर दूर वर्धा तक गेहूं ले जाना पड़ रहा है। इससे ट्रैक्टर-ट्रॉली का अतिरिक्त खर्च बढ़ रहा है और समय व श्रम की भी हानि हो रही है। छोटे और सीमांत किसानों के लिए यह स्थिति और अधिक कठिन साबित हो रही है। किसान संघ जिला मंत्री मनोहर सिंह राजपूत, जनपद कृषि सभापति गजेंद्र सिंह राजपूत, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप रत्नाकर सहित अन्य किसानों ने केंद्रों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### नरवाई की आग भड़की प्रशासन ने किया काबू

**हैदरगढ़।** खिरिया जागीर एवं गोपालपुर गांव में किसानों द्वारा खेत साफ करने के उद्देश्य से लगाई गई आग अचानक भड़क गई और विकराल रूप धारण कर लगभग 10 बीघा गेहूं की नरवाई जलकर राख हो गई। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन एवं थाना प्रभारी रोहित कौरव दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया और आसपास के खेतों को सुरक्षित किया गया। नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन ने किसानों से अपील की कि वे नरवाई न जलाएं, क्योंकि इससे खेतों की उर्वरा शक्ति नष्ट होती है और मिट्टी के पोषक तत्व जल जाते हैं। उन्होंने कहा कि हल्का पटवारी से जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद दोषी किसानों के विरुद्ध जुर्माने एवं अन्य कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सावधानी बरतने की अपील की है।

## वेतन के लिए हड़ताल पर बैठे एसएटीआई के कर्मचारियों ने जीतू पटवारी से लगाई गुहार

**प्रदेशाध्यक्ष बोले ज्योतिरादित्य सिंधिया तक पहुंचाएंगे बात।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विदिशा। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को समस्याएं बताते हुए एसएटीआई के कर्मचारी।

पॉलिटेक्निक कॉलेज के व्याख्याता एवं कर्मचारी पिछले 7 महीनों से वेतन न मिलने के कारण आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

समय पर ग्रांट जारी न होने से कॉलेज प्रशासन भी प्रभावित है। वेतन भुगतान की मांग को लेकर कर्मचारियों ने दो दिन पूर्व से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। मंगलवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के सर्किट हाउस आगमन पर व्याख्याता एवं कर्मचारी उनसे मिलने पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर समस्या के निराकरण की मांग की।

कर्मचारियों ने बताया कि वेतन न मिलने से उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। समस्या सुनने के बाद जीतू पटवारी ने आश्वासन दिया कि वे इस विषय में ज्योतिरादित्य सिंधिया तक बात पहुंचाएंगे और शीघ्र समाधान का प्रयास करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस आंदोलन करने को बाध्य होगी।

### फसल का भुगतान न मिलने पर किसान ने एसपी से लगाई गुहार

**विदिशा।** ग्यारसपुर तहसील के ग्राम मानोरा निवासी किसान रामबाबू रघुवंशी ने अपनी सोयाबीन फसल का भुगतान न मिलने पर एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। किसान के अनुसार उसने 3 जनवरी को विदिशा कृषि उपज मंडी में 12 क्विंटल 65 किलो सोयाबीन व्यापारी गोपीलाल गुलाबचंद अग्रवाल को 55 हजार 246 रुपए में बेची थी, लेकिन अब तक राशि का भुगतान नहीं हुआ। कई बार संपर्क करने के बावजूद व्यापारी द्वारा टालमटोल की जा रही है। किसान ने बताया कि भावांतर योजना के तहत 11 हजार 244 रुपए की राशि 29 जनवरी को खाते में आई, पर मूल भुगतान लंबित है, जिससे वह आर्थिक संकट में है। इधर व्यापारी का कहना है कि दो बार ऑनलाइन भुगतान का प्रयास किया गया, खाता समस्या के कारण भुगतान नहीं हुआ, बाद में नगद राशि दे दी गई है।

## जहां पर गौशाला नहीं, वहां कांजी हाउस व्यवस्था लागू करें: कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान पशुओं के प्रबंधन को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में गौशाला नहीं है, वहां कांजी हाउस की तर्ज पर व्यवस्थाएं तत्काल लागू की जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे ग्रामों की शीघ्र पहचान कर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखा जा सके। बैठक में सीमा क्षेत्रों से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग एवं स्टेट हाईवे पर पशुओं के विचरण को रोकने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि सड़कों पर पशुओं के घूमने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, इसलिए इसे गंभीरता से लिया जाए। यदि हाईवे या स्टेट हाईवे पर पशु विचरण करते पाए जाते हैं तो संबंधित ग्राम पंचायत उन्हें पकड़कर निकटतम गौशाला या कांजी हाउस तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाएगी। लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

### राजस्व न्यायालयों में किया बड़ा फेरबदल

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में पदस्थ तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के कार्य विभाजन में व्यापक बदलाव किए हैं। जारी आदेश के तहत विदिशा नगर, विदिशा ग्रामीण, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, बासौदा, त्योंदा, नटेरन, शमशाबाद, सिरोंज, पठारिया, कुरवाई, पथारी और लटेरी तहसीलों में राजस्व न्यायालयीन एवं गैर-न्यायालयीन कार्यों के लिए अलग-अलग अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। प्रत्येक तहसील में न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण हेतु एक अधिकारी तथा प्रशासनिक कार्यों के लिए पृथक अधिकारी जिम्मेदार होंगे। राजस्व न्यायालय अब प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित होंगे। अधिकारियों की समय पर उपस्थिति अनिवार्य की गई है तथा अनुपस्थिति की स्थिति में पूर्व सूचना देना जरूरी होगा। आदेश का उल्लंघन करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### दो दिवसीय वार्षिक उत्सव शुरू, नाट्य मंचन 11 को

**विदिशा।** ख्यात गायक एवं अभिनेता स्व. पं. गंगा प्रसाद पाठक के 50वें पुण्य स्मरण पर पाठक न्यास द्वारा दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिन आज शाम 7 बजे सिटी कोतवाली तलैया के पीछे स्थानीय माहेश्वरी धर्मशाला में शास्त्रीय संगीत संध्या होगी। 11 अप्रैल को नाटक मंचन होगा।

### डेढ साल से फरार इनामी आरोपी को दबोचा

**विदिशा।** लटेरी थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में डेढ़ साल से फरार 3 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी लटेरी अमरेश बोहरे के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ने में सफलता पाई। प्रकरण के अनुसार 21 नवंबर 2024 को ग्राम मलनिया निवासी अब्दुल सलाम की रिपोर्ट पर मामला दर्ज हुआ था। आरोप है कि उस्मान गनी खाँ एवं उनके परिजनों ने पारिवारिक विवाद के चलते मुजीम खाँ के घर पहुंचकर मारपीट की। लाठी-डंडों व फरसे से हुए हमले में मुजीम खाँ, जलाल खाँ और कदीर खाँ घायल हुए थे। गंभीर घायलों को विदिशा रेफर किया गया था। आरोपी घटना के बाद से फरार था।

### निजी स्कूलों पर सख्ती, कोर्स, ड्रेस बदलने पर रोक

**विदिशा।** कुरवाई एसडीएम मनीष जैन ने शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए निजी विद्यालयों पर सख्त आदेश जारी किए हैं। स्कूलों को कोर्स, किताबें और यूनिफॉर्म में बदलाव करने से रोका गया है। किसी एक दुकान से सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। सभी स्कूल एमपी बोर्ड या सीबीएसई के निर्धारित पाठ्यक्रम ही लागू करेंगे। आदेश 1 अप्रैल से 30 जुलाई 2026 तक प्रभावी रहेगा। उल्लंघन पर धारा 223 के तहत कार्रवाई होगी।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने प्रशिक्षण वर्ग और बैठकों को किया संबोधित

# भाजपा का उद्देश्य सत्ता नहीं, समृद्ध राष्ट्र निर्माण: खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल मंगलवार को विदिशा पहुंचे। भाजपा कार्यालय में रायसेन एवं विदिशा जिले में आयोजित मंडल प्रशिक्षण वर्ग, जिला पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि बैठकों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि सशक्त और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करना है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, विधायकगणों में मुकेश टंडन, सूर्यप्रकाश मीणा, उमाकांत शर्मा, हरिसिंह सप्रे सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।



विदिशा। भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत करते करते हुए शमशाबाद विधायक।

**9 अप्रैल से गेहूं खरीदी शुरू:** उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार 9 अप्रैल से ही समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी प्रारंभ कर रही है। कांग्रेस पर किसानों को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीति को सेवा का माध्यम मानती है।

#### कहा: विचारधारा से कोई समझौता नहीं

उन्होंने कहा कि जनसंघ काल से आज तक पार्टी की विचारधारा में कोई परिवर्तन नहीं आया है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण और धारा 370 हटाना पार्टी की प्रतिबद्धता के उदाहरण हैं। 12 अप्रैल तक गांव चलो अभियान चलाया जाएगा तथा 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर प्रदेशभर में कार्यक्रम होंगे। श्री खंडेलवाल ने कहा कि सफलता निरंतर सीखने और आत्मसुधार से मिलती है। प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, सिद्धांतों और संघर्षों से परिचित कराते हैं। सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता भाव से कार्य करें और मंडल से बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाएं।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh 24x7 Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4900
उच्चतम भाव-5833
मटर
न्यूनतम भाव-3230
उच्चतम भाव-3230
तुअर
न्यूनतम भाव-6500
उच्चतम भाव-6500
मसूर
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-9000
चना
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-5620
उड़द
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-2900
धनिया
न्यूनतम भाव-9500
उच्चतम भाव-12000
सरसों
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-7400
धान
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-3700
गेंहू
न्यूनतम भाव-2050
उच्चतम भाव-4500
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-3171
बटरी
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4440

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 40645 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### नगर की प्रतिभाओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**गंजबासौदा।** श्री महाकालेश्वर संस्कृत महोत्सव का आयोजन गत दिवस उज्जैन में किया गया। जिसमें श्री नृत्यांजलि के तहत शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में नगर की प्रतिभाओं ने भी सहभागिता की। यह महोत्सव गत 28 और 29 मार्च को आयोजित किया गया था। जिसमें नगर की शास्त्रीय नृत्य शिक्षिका आंचल शर्मा ने ओपन केटेगरी में द्वितीय स्थान, जूनियर केटेगरी में गीता पुत्री नीलेश पूनम शर्मा ने द्वितीय स्थान, चेतना रघुवंशी ने तृतीय स्थान, अवनी रघुवंशी ने द्वितीय स्थान अर्जित किया है। यहां उल्लेखनीय है कि नगर की इन शास्त्रीय नृत्य प्रतिभाओं ने इससे पूर्व भी संस्कृति मंत्रालय एवं विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

# रेल्वे स्टेशन की शराब दुकान हटाने आबकारी अधिकारी को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार से रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर नगर के युवाओं द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है जो आठवे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। दोपहर के समय प्रदर्शनकारियों ने आबकारी अधिकारी को एक ज्ञापन देकर क्षेत्र में बढ़ रही असुरक्षा और असामाजिक गतिविधियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। नागरिकों ने बताया कि 31 मार्च से जारी यह अनिश्चितकालीन धरना अब जन आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि शराब दुकान के पास ही श्री राम जानकी मंदिर, बैंक और अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक संस्थान स्थित हैं। इस संवेदनशील क्षेत्र में शराबियों के जमावड़े, गाली-गलौज और आपसी झगड़ों के कारण यात्रियों, महिलाओं और छात्र-छात्राओं का निकलना दूभर हो गया है। ज्ञापन में बताया गया कि रेलवे स्टेशन जैसे व्यस्ततम स्थान पर शराब दुकान होने से असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं।

यहां उल्लेखनीय है कि शराब दुकान व्यस्त क्षेत्र में स्थित है। धरने में शामिल युवाओं ने बताया कि शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर कई बार प्रशासनिक



अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं और हर बार आश्वासन मिलने के बाद भी आज तक दुकान को नहीं हटाया गया। लोगों ने विशेष रूप से महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया है। उनका आरोप है कि शराब दुकान के कारण पूरे क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त है। नागरिकों ने आबकारी विभाग से मांग की है कि नियमों और जनहित को ध्यान में रखते हुए इस दुकान को तत्काल किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए।

प्रदर्शनकारियों ने आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने मांग की है कि विभाग संबंधित शराब दुकान के किराएनामे की जानकारी सार्वजनिक करें, साथ ही, धरना स्थल के बिल्कुल समीप शराब की बिक्री जारी रखने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे तुरंत बंद करने और क्षेत्र में पुलिस निगरानी बढ़ाने की बात कही है। इस दौरान अनेक युवा मौजूद रहे।

# सक्सेना तहसील अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के रायसेन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समस्त प्रदेश में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश, जिला, व तहसील में रिक्त पदों पर न्युक्तियों के पत्र जारी किए गए। जिसमें अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष मध्य प्रदेश शासन के खेलकूद कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग की मंशानुरूप प्रदेश अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव की सहमति से जिलाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव द्वारा नगर के समाज सेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार लोकेश सक्सेना को तहसील का अध्यक्ष मनोनीत गया है। लोकेश सक्सेना की नियुक्ति पर समाजजनो, परिवारजनों, इष्ट मित्रों, ने बधाई देते हुए वरिष्ठ नेतृत्व का आभार माना है।

## मटके की दुकानें, फल, सब्जी के ठेले हटाकर की साफ-सफाई

# पाराशरी नदी पुल से अतिक्रमण हटाया, फिर रखे गए चौकीदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





मंगलवार को नगरपालिका अमले ने पाराशरी नदी पुल पर अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाते हुए पुल पर संचालित मटका दुकानों, फल, सब्जी सहित अन्य दुकानों को हटाने की कार्रवाई की। जिसके बाद पुल पर साफ, सफाई कर पानी से धुलाई कराई गई। नगर पालिका राजस्व विभाग के वरुणेन्द्र चौबे ने बताया कि पाराशरी नदी के पुल पर आगामी समय में पुनः अतिक्रमण न हो इसके लिए गत वर्ष की तरह यहां तीन चौकीदार भी सेल्फी प्वाइंट के लिए तैनात कर दिए गए हैं। जिससे यहां सेल्फी पॉइंट आने वाले लोगों के लिए परेशानी नहीं होगी।

यहां उल्लेखनीय है कि पाराशरी नदी पुल की चौड़ाई बढाई जाने के बाद यहां पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाया था, जो नगर के युवाओं बच्चों सें महिलाओं विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया था। यहां सुबह से शाम तक लोग सेल्फी लेते थे सुबह शाम की सेर करने वाले बुजुर्ग लोग यहां लगी कुर्सियों पर कुछ पल आराम किया करते थे लेकिन पिछले 1 वर्ष से सब्जियों फलों के हाथ ठेले वालों ने यहां कब्जा जमा लिया था जिससे सेल्फी पॉइंट पर लोग जा नहीं पा रहे थे, साथ ही जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। एक साइड सब्जियों फलों के हाथ ठेले लग गए थे, वहीं पुल के दूसरी साइड मटकों की दुकानें सज गई थीं। एक वर्ष पूर्व चौकीदारों के हटने के बाद फिर यहां दुकानें लगने लगी थी, लेकिन नगरपालिका अमले द्वारा लगातार शिकायतें मिलने के बाद हाथ ठेला वालों हटवाकर, जुर्माने की कार्रवाई कर, फल सब्जी भी जब्त की जाती थी। लेकिन इसके बावजूद भी फल, सब्जी विक्रेता यहां से हटने का नाम ही नहीं ले रहे थे। मंगलवार को यहां अतिक्रमण हटाया गया है। अब यहां नियमित रूप से नगर पालिका ने तीन चौकीदार तैनात कर दिए हैं जो सेल्फी प्वाइंट और फुटपाथ की सुरक्षा करेंगे। साथ ही हाथ ठेलों को नहीं लगने दिया जाएगा। सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक चौकीदारों के पहरे में फुटपाथ और सेल्फी पॉइंट फिर से रहेगा। जिससे शाम को और रात के समय लोग सेल्फी लेने पहुंच सकते हैं। पाराशरी पुल के दक्षिणी और उत्तरी भाग का चौड़ीकरण यातायात के सुधार के साथ जाम से निजात के लिए किया गया था। लेकिन उस पर अतिक्रमण के कारण पैदल चलना मुश्किल हो रहा था। फल, सब्जियों के हाथ ठेलों से प्रतिदिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। जिससे दो, पहिया, चार पहिया वाहनों का निकलना मुश्किल हो रहा था तथा यातायात व्यवस्था बिगड़ रही थी। जिसको देखते हुए आमजन के हित में नपा द्वारा अतिक्रमण हटाओ मुहिम चलाई गई।

ज्ञात हो कि नगर के मध्य स्थित इस पुल के आसपास ही शासकीय जनचिकित्सालय, क्षेत्र का प्रसिद्ध शीतला शक्तिधाम मंदिर, शासकीय कन्या उमावि सहित अन्य विद्यालय एवं नगरपालिका कार्यालय संचालित हैं। जिससे यहां लोगों की आवाजाही बनी रहती है।

# यातायात पुलिस ने बनाए चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए मंगलवार यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में नगर में एवं नई कृषि उपज मंडी के पास वाहन चेकिंग चलाकर चालानी कार्रवाई की गई। वाहन चैकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट, बिना नंबर और यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों से राशि वसूल कर चालानी कार्रवाई की गई। यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी ने बताया कि नगर में आजकल नगर में तेज आवाज में फटाके फोड़ने वाली बुलेट की काफी शिकायतें आ रही हैं, अब ऐसे वाहन चालकों को बख्शा नहीं जाएगा। क्योंकि बुलेट वाहन चालक साइलेंसर चेंज कर फटाके फोड़ने वाले साइलेंसर बुलेट वाहनों में लगवा लेते हैं और गली, मोहल्ले में पटाखे फोड़ते हुए जाते हैं अब उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जय स्तंभ चौराहे और नवीन कृषि उपज मण्डी के पास वाहन चेकिंग अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 9 वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया। यह कार्रवाई मुख्य रूप से बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना वैध दस्तावेज और दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी ओवरलोडिंग बैठाने वालों के विरुद्ध की गई।

## विद्युत कंपनी का लाइनमैन ही कर रहा था बिजली चोरी




**गंजबासौदा।** बिजली कंपनी ने नगर में कार्यरत अपने ही लाइनमैन के खिलाफ बिजली चोरी का प्रकरण दर्ज कराया है। कंपनी के बिजली चोरी रोको अभियान के तहत की गई इस कार्रवाई में आरोपी पर 63 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। एई सन्नी बर्गीश ने टीम के साथ दबिश देकर लाइनमैन के घर सीधी लाइन से हो रही बिजली सप्लाई पकड़ी। शासकीय संजय गांधी स्मृति कॉलेज के पीछे स्थित लाइनमैन राजेश क्रिस्टी के निवास पर जांच के दौरान बिजली का मीटर नहीं मिला। जांच टीम ने पाया कि मुख्य बिजली की लाइन से सीधे घर तक तार खींचकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि लाइनमैन लंबे समय से पद का दुरुपयोग कर विभाग को आर्थिक चपत लगा रहा था। आरोपी लाइनमैन वर्तमान में बरेठ क्षेत्र में पदस्थ है और विभाग से प्रतिमाह लगभग एक लाख रुपए वेतन प्राप्त करता है। उच्च वेतनमान होने के बाद भी बिजली चोरी की घटना सामने आने पर कंपनी ने सख्त रुख अपनाया है। एई सन्नी बर्गीश ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया गया और चोरी का मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि शहर में बिजली चोरी रोकने के लिए जांच अभियान जारी रहेगा। विद्युत कंपनी प्रबंधन अब आरोपी कर्मचारी पर विभागीय स्तर पर भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

## सुभद्रा शर्मा महाविद्यालय में प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आगामी 9 अप्रैल को एनएसयूआई का स्थापना दिवस है जिसको लेकर देश में एनएसयूआई द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंगलवार को शासकीय सुभद्रा शर्मा गर्ल्स कॉलेज में एनएसयूआई के स्थापना दिवस के अवसर पर सप्ताह भर चलने वाले सामाजिक कार्यक्रमों के तहत पांचवे दिन महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई और प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को ट्रॉफी प्रदान की। निबंध प्रतियोगिता का विषय नारी सशक्तीकरण आयरन लेडी था। कार्यक्रम में प्राचार्य अनामिका प्रजापति सहित समस्त स्टॉफ एवं एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नेत्र शिविर में हुई 226 मरीजों की जांच

न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मिल रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर स्व. नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से मंगलवार को नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्वर्गीय अनिल अग्निहोत्री की पुण्य स्मृति में सेवा दिवस के रूप में लगाया गया। शिविर में डॉ. राजकरण वर्मा, डॉ. आयुषी नेमा ने 226 से अधिक मरीजों की नेत्र जांच की और नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए। 57 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। शिविर में जिनको भी मोतियाबिंद की शिकायत मिली उनको ऑपरेशन क़े लिए आनंदपुर भेजा गया। संतोष नामदेव ने दवाई वितरण किया, काउंसलिंग आर पी शुक्ला ने की। धर्मेंद्र ने चश्मा क़े नंबर की जाँच की, कैंप प्रभारी जीतू पाठक के निर्देशन में काउंसलिंग टीम के द्वारा 29 चश्मों का वितरण किया गया। ट्रस्ट ने 103 मरीजों को निशुल्क दवाइया वितरित कीं, 37 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले गए एवं मरीजों की बीपी और शुगर जांच भी की गई। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि शिविर ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर लगाए जा रहे हैं।

## हजारों श्रद्धालुओं ने की प्रसादी ग्रहण, आसपास क्षेत्र से उमड़े भक्त

# बालाजी धाम में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का हुआ समापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्री बालाजी धाम पिथौली में संपन्न हुए श्री पंच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, श्री हनुमान महाराज के प्राकट्य महोत्सव के साथ पंचकुंडात्मक रूद्र यज्ञ, भक्ति और आस्था के बीच सम्पन्न हुआ। पांच दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र भर से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर दिखाई दिया। यज्ञ अनुष्ठान में प्रतिदिन हवन, पूजन, धार्मिक प्रवचन एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के लिए यज्ञ आचार्य कमरलाल शास्त्री कूल्हन के आचार्यत्व में विशेष पूजन-अर्चन एवं अनुष्ठान हुए, जबकि शुभ पंचांग मुहूर्त में शिव परिवार, राधाकृष्ण एवं मां काली की वेदपाठी वैदिक विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा विधिवत प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। यहां उल्लेखनीय है कि बालाजी मंदिर के संस्थापक गणपत सिंह राजपूत शिक्षक की निश्चल तपस्या और आस्था पर इस धाम की नींव रखी है। ईश्वरीय प्रेरणा से वर्ष 2006 में उन्होंने बालाजी के भक्तों के साथ मेहंदीपुर बालाजी राजस्थान तक पैदल यात्रा कर बालाजी का विग्रह लाकर यहां स्थापित किया था। बालाजी की प्रेरणा से विकसित यह स्थान आज "पिथोली धाम" के नाम से जिले के अलावा अन्य स्थानों पर प्रसिद्ध हो चुका है, जहां प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को भक्तों का खासा सैलाब उमड़ता है। मंदिर की व्यवस्थाओं और सेवा से जुड़ी श्री बालाजी सेवा समिति के अध्यक्ष अतुल नेमा ने बताया कि पंचकुंडात्मक रूद्र प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ की पूर्णाहुति पर मंदिर के सेवा कार्यों से जुड़े हुए पिथौली के 21 सेवादारों को उनके निस्वार्थ सेवा कार्यों के लिए समिति की ओर से सम्मानित किया गया। यह सभी सेवादार लंबे समय से मंदिर की व्यवस्थाओं, पूजा-अर्चना और भक्तों की सेवा में निरंतर योगदान दे रहे हैं। सम्मान स्वरूप सभी को तिलक लगाकर श्रीफल एवं अंगवस्त्र भेंट किए गए। इस अवसर पर कन्या पूजन का आयोजन भी श्रद्धा के साथ किया गया, जिसमें बालिकाओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित हरिनारायण शर्मा, समिति सचिव अमान सिंह राजपूत एड, मुकेश सिंह राजपूत, इंजीनियर राम मोहन शर्मा एवं ईश्वर सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं आसपास के ग्रामीणों के अलावा नगर से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भंडारे में शामिल हुए। भक्तों को बैठाकर सम्मान पूर्वक बालाजी महाराज की प्रसादी ग्रहण कराई गई।

## कुटिया में लगी आग



**गंज बासौदा।** बरीघाट मार्ग पर गिलहरी धाम स्थित कुटिया में गत दिवस अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई, जिससे कुटिया में रखी सामग्री जलकर राख हो गई। पीड़ित ने देहात थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके साथ महिला संत भी कुटिया में रहती हैं। गत दिवस वह महिला संत के साथ पूजा का सामान लेने बाजार गये थे। जब वह वापिस लौटे तो कुटिया में से आग की लपटें निकल रही थीं। इस दौरान एक युवक वहां से भाग रहा था। उन्होंने किसी तरह आग बुझाई, लेकिन तब तक कुटिया का छप्पर सहित उसमें रखा गृहस्थी का सामान, अनाज, बर्तन, ईंधन आदि जलकर नष्ट हो चुका था। आगजनी की घटना में पीड़ित को हजारों रुपए का नुकसान हो गया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

# धरना-प्रदर्शन में सैकड़ों शिक्षक पहुंचेंगे विदिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे शिक्षक पात्रता परीक्षाओं के विरोध के साथ ही जिला स्तर पर भी आठ अप्रैल को शाम चार बजे विदिशा के नीमताल पर शिक्षकों के द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन आंदोलन की तैयारी की गई है । इस धरना-प्रदर्शन मे पूरे जिले के साथ साथ विकास खंड से भी सैकड़ों शिक्षक पहुंचेगे। जिलाध्यक्ष पृथ्वीसिह रघुवंशी ने बताया कि सरकार द्वारा सभी मांगे मान लिऐ जाने तक यह आन्दोलन जारी रहेगा। मध्यप्रदेश के वरिष्ठ कर्मचारी नेता सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने जिले और विकास खंड के शिक्षकों, महिला शक्ति से घर से निकल कर गुरू पद की महिमा बचाने धरना-प्रदर्शन मे अधिक से अधिक संख्या मे विदिशा पहुंचने की अपील की है। महिला प्रकोष्ठ की अनीता ठाकुर ने कहा आज हर विभाग में 50% महिलाओं की संख्या हो गई है अब हमारे अधिकार के लिऐ हम महिलाओ को ही आगे आने होगा। इसलिए महिलाओ को सभी काम छोड़कर इस धरना-प्रदर्शन आंदोलन मे भाग लेना होगा। विनोद श्रीवास्तव, संजीव रघुवंशी , एल आर अहिरवार, सपना शर्मा, माधवी भाटिया, प्रमिला रघुवंशी, वंदना रघुवंशी, ममता लोधी, निशा गुप्ता, संगीता मालवीय, प्रीती समैया, पूनम भाटिया, साधना सोनी, साधना दास, श्रृद्धा श्रीवास्तव, भगवती अहिरवार, सुषमा राठौर, रामराज दांगी, अरूण पांडे, नीलम रघुवंशी, भागमल वमन्या सहित विकास खंड के शिक्षक शामिल हैं। शिक्षकों ने कहा यदि हम शिक्षक ही अपने अधिकार के लिऐ आगे आकर आंदोलन नही करेंगे तो बच्चों को गलत बात का विरोध करना कैसे सिखाएँगे, इसलिए सभी गुरूजन एक दिन का समय निकाल कर आंदोलन को सफल बनाऐ। शाम चार बजे विदिशा नीमताल के धरना-प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक आज



**सागर।** भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव को लेकर ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों की एक बृहद बैठक आज 8अप्रैल बुधवार को सिविल लाइन स्थित होटल आशीर्वाद में सायं 4बजे से आयोजित की गई है। जिसमें 19अप्रैल को पूर्व संध्या पर निकलने वाली वाहन रैली एवं 20अप्रैल को प्राकट्य दिवस होने वाले पूजन अभिषेक एवं शोभायात्रा की रूपरेखा तय की जायेगी सभी विप्रजनों से बैठक में शामिल होने की अपील की गई है।

### प्रहरी संवर्ग दीक्षांत परेड समारोह आज

**सागर।** जेल प्रशिक्षण केंद्र सागर में प्रहरी संवर्ग का दीक्षांत परेड समारोह 8 अप्रैल को प्रातः 10 बजे आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. वसंत कंवर (भा.पु.से.), महानिदेशक, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, मध्यप्रदेश उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन जेल प्रशिक्षण केंद्र, सागर परिसर में किया जाएगा, जिसमें अधिकारी, प्रशिक्षक एवं अन्य शामिल होंगे।

### आवेदिकाओं को अनंतिम चयन पर आपत्ति

**सागर।** महिला एवं बाल विकास परियोजना सागर ग्रामीण 01 अंतर्गत 03 पद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं 03 पद आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त थे जिनके लिए एमपी ऑनलाईन से आवेदन आमंत्रित किये गये थे। एमपी ऑनलाईन से प्राप्त आवेदनों के अवलोकन एवं क्रास परीक्षण उपरांत कार्यकर्ता के 3 पदों हफसिली, इंद्रागांधी वार्ड 6 व महावीर वार्ड 8 शाहपुर एवं 3 पद सहायिका के हैं।

सुरखी मंडल में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के दो दिवसीय शिविर का समापन

# 14 करोड़ सदस्यों के साथ भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी: जिपं अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत सुरखी मंडल में 6 और 7 अप्रैल को दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसका समापन उत्साह और संगठनात्मक ऊर्जा के साथ हुआ। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यप्रणाली तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए वैचारिक व संगठनात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिवस भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस भी हर्षोल्लास और गौरव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पार्टी की स्थापना के मूल उद्देश्यों को स्मरण करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

शिविर के द्वितीय दिवस समापन के अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सागर सांसद डॉ.लता वानखेड़े ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से देश के गरीब, किसान, महिलाएं और युवा वर्ग सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना,




आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने करोड़ों परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने प्रशिक्षण सत्र में पार्टी के इतिहास, विचारधारा और संगठन की कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा एक विचार आधारित संगठन है जिसने देश की राजनीति में सेवा, सुशासन और पारदर्शिता की नई परंपरा स्थापित की है।उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही राष्ट्र निर्माण का आधार होती है। जब कार्यकर्ता वैचारिक रूप से सशक्त और संगठनात्मक रूप से सक्रिय होते हैं, तभी समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करता है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज लगभग 14 करोड़ से अधिक सदस्यों के साथ विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। यह उपलब्धि केवल संख्या की दृष्टि से नहीं बल्कि विचार, समर्पण और राष्ट्रसेवा की भावना का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य करते हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार को आधार बनाकर पार्टी निरंतर गरीब, किसान, मजदूर और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है।

सत्र के समापन के अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचारधारा आधारित राजनीतिक दल है, जो "राष्ट्र प्रथम, पार्टी द्वितीय और स्वयं अंतिम" के सिद्धांत पर कार्य करती है। पार्टी का मूल उद्देश्य भारत के सांस्कृतिक मूल्यों, परंपराओं और राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त करना है।

प्रशिक्षण में बताया गया कि प्रत्येक बूथ पर मजबूत संगठन, नियमित बैठकें और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से संगठन की गतिविधियों को प्रभावी बनाया जाएगा। साथ ही स्वच्छता, सामाजिक समरसता और जनजागरूकता से जुड़े अभियानों में भी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका पर बल दिया गया। बालकिशन सोनी द्वारा आईटी सेल सोशल मीडिया एप्प नमो एप्प, संगठन एप्प की विस्तृत जानकारी दी।

मुगलसराय पुलिस की कामयाबी

# पुलिस ने सिर्फ 2 घंटे में दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

थाना मुगलसराय पुलिस द्वारा त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई करते हुए युवती से दुष्कर्म के आरोपी को महज 02 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मंगलवार को थाना मुगलसराय में एक फरियादिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि गांव के ही एक युवक द्वारा उसके साथ जबरदस्ती गलत कार्य किया गया है। वही घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सुश्री सोनू डाबर के मार्गदर्शन में थाना मुगलसराय पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई।

**02 घंटे के भीतर आरोपी गिरफ्तार :** पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण में अपराध क्रमांक 51/2026 धारा 64(1), 332(बी),74,351(3) बीएनएस के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी एवं अन्य साक्ष्यों के



आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम पेकोली निवासी 21 वर्षीय आरोपी संतोष कुशवाह को घटना के महज 02 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय सिरोंज पेश किया गया। इस मौके पर कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक के.के. पवार, आरक्षक राहुल पटेल, आरक्षक सुखजिंदर सिंह, आरक्षक आकाश राणा, महिला आरक्षक बालकुमारी, महिला आरक्षक आयुषी मीना एवं वाहन चालक राजकुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित कंपनियों में किया गया चयन




**सिरोंज।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न नामी कंपनियों में चयन प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, समर्पण एवं कॉलेज द्वारा प्रदान किए गए गुणवत्तापूर्ण तकनीकी मार्गदर्शन का परिणाम है। इस अवसर पर कृष्णा मारुति लिमिटेड में चयनित विद्यार्थी में छोटू नायक (इलेक्ट्रॉनिक्स), ऋतिक कुशवाह (इलेक्ट्रॉनिक्स), सोनू नायक (मैकेनिकल), पायल साहू (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) एवं मोक्ष नारायण शाक्य (सिविल)। वही बानको प्रोडक्ट इंडिया लिमिटेड में चयनित विद्यार्थी में श्रवण कुमार एवं दीपक रघुवंशी रहें। इसी प्रकार डाइकिन एयर कंडीशनिंग में चयनित विद्यार्थी में श्रवण कुमार एवं सोनू नायक (मैकेनिकल)। इस मौके पर कॉलेज की प्राचार्य श्रीमती भावना दांगी ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी श्रीमती रागिनी अरजरिया एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कर विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

# टीईटी के नए नियम पर आर-पार की जंग संघ ने खोला मोर्चा, दिग्गजों को सौंपा ज्ञापन

**सागर।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ, जिला इकाई सागर ने शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरुद्ध प्रभावित शिक्षकों के हितार्थ, भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन से सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से राहत हेतु अध्यादेश अथवा पुनर्विचार याचिका हेतु मप्र शिक्षक संघ के आव्हान पर सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में समस्त जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा। संघ ने सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय को प्रदेश के हजारों शिक्षकों के भविष्य के लिए 'गंभीर संकट' बताते हुए सागर जिले के प्रमुख जन-प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर विधायी हस्तक्षेप की मांग की है।मप्र



शिक्षक संघ के आव्हान पर जिला अध्यक्ष सूर्यपाल राजपूत, जिला सचिव मनोज कुमार जैन एवं अन्य पदाधिकारियों ने सांसद लता वानखेड़े, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक पं. गोपाल भार्गव, विधायक शैलेंद्र जैन, विधायक प्रदीप लारिया और जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी से भेंट की। इस दौरान विधायक प्रदीप लारिया ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह को पत्र लिखकर उचित कार्यवाही हेतु आग्रह किया है। इस ज्ञापन कार्यक्रम में प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता, जिला संगठन मंत्री चंद्रभान सिंह राजपूत, शैलेंद्र प्रजापति, संदीप नाहर, नेहा मिश्रा, संघमित्रा गुरु, सुनील चौरसिया, उमाशंकर सोनी, रामस्वरूप राजपूत, महेश कुमार विश्वकर्मा, हाकमसिंह शत्रुध्न सिंह, प्रहलाद लोधी डालचंद अहिरवार, नारायण सैनी, जगन्नाथ कुर्मी एवं अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

### जनसुनवाई में हुई 184 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में 184 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, अपर कलेक्टर अविनाश शर्मा, एसडीएम अमन मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर विजय डेहरिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई।

# नगर में 4 स्थानों पर नप ने की शीतल जल की व्यवस्था

### नप अध्यक्ष ने किया सार्वजनिक प्याऊ का शुभांरभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

भीषण गर्मी, तेज धूप में नागरिकों को शीतल पानी पीने उपलब्ध हो इसके लिए नगर परिषद ने 4 प्रमुख स्थानों पर प्याऊ स्थापित की है। शीतल जल पीने उपलब्ध कराने, नप अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने प्याऊ का शुभांरभ किया।

नप द्वारा दीनदयाल परिसर में पूर्व में प्याऊ संचालित की जा रही है। पिपरिया रोड चौराहे, नवीन टाकीज चौराहे और छोटा बाजार के भवानी चौक में शीतल जल उपलब्ध कराने प्याऊ, का शुभांरभ किया गया। इन चार स्थानों पर लोगों की दिन भर भारी उपस्थिति रहती है। इसके अलावा नगर में अन्य भी भीड़भाड़ वाले स्थान है। मुख्य रूप से बस स्टेण्ड पर यात्री होटलों की या हेण्ड पंप की पेयजल व्यवस्था पर निर्भर बने रहते है। कर्विस्तान चौराहे पर भी हमेशा लोगों की भारी उपस्थिति बनी रहती है।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, सीएमओ हरिशंकर वर्मा और पार्षदों, न.प. के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रही खाद

# खाद खरीदी में ई-टोकन व्यवस्था बनी किसानों के लिए सिरदर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

गेंहू की कटाई के बाद क्षेत्र के हजारों किसान ग्रीष्म कालीन मूंग की खेती कार्य में जुट गए है। बारिश शुरु होने से पूर्व मूंग की कटाई जरूरी होती है। इस लिए प्रत्येक किसान मूंग की तत्काल बोवनी का प्रयास करता नजर आ रही है। मूंग की बोवनी में किसानों को पर्याप्त मात्रा में जरूरी मनचाही खाद मिलना ई-टोकन खाद वितरण खरीद व्यवस्था में सबसे बड़ी बाधा और सिरदर्द बन रहा है। किसान खाद् के लिए प्रायवेट दुकानों मार्कफेड की गौदामों के चक्कर लगा कर हैरान-परेशान हो रहे है।

किसानों को अपनी जरूरत की खाद नगदी और सहकारी संस्थाओं द्वारा ऋण के माध्यम से खरीदी जाती है। विभिन्न प्रकार की रासायनिक खाद का उपयोग किसानों द्वारा फसलों के अनुसार किया जाता है। सबसे अधिक डीएपी यूरिया खाद की मांग किसानों के बीच रहती है।



प्रायवेट खाद विक्रेता दुकानदारों एवं विपरण संघ की गौदामों से किसान नगदी में खाद खरीदते रहे है।

नगदी में भी खाद ई-टोकन व्यवस्था से खरीदने की नीति योजना लागू की गई है। अधिकांश सहकारी संस्थाओं के गौदाम खाद से खाली बने हुए है। क्यों सहकारी संस्थाएं डिफाल्टर बनी हुई है। मार्च में चले ऋण वसूली अभियान में अधिकांश सहकारी संस्थाएं ऋण राशि वसूलने में फिसड्डी बनी रही।

किसानों को ई-टोकन व्यवस्था से अपनी मांग और जरूरत के अनुसार समय पर खाद नहीं मिल पा रहा है। किसानों की बड़ी समस्या को हल करने भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों द्वारा पिछले दिनों कलेक्टर रायसेन में धरना प्रर्दशन कर ज्ञापन सोंपा गया। समस्या निराकरण की मांग की गई। रायसेन में होने वाले कृषि मेला में भी किसान संघ द्वारा मंत्रियों, पदाधिकारियों के समक्ष ई-टोकन से खाद वितरण में आ रही परेशानी बाधाओं से अवगत कराया जाएगा।

### समस्याओं का सामना करना पड़ रहा

◆ ई-टोकन व्यवस्था से खाद वितरण में किसानों को व्यवस्था सुधार के स्थान पर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। धरना प्रर्दशन कर कलेक्टर महोदय को ज्ञापन दिया जा चुका है। व्यवस्था में बनी खामियों एवं अव्यवस्थाओं को दूर करना बहुत जरूरी है।

– **केशर सिंह पटेल,** जिला अध्यक्ष भा. किसान संघ बरेली

### ई-टोकन बनी सिरदर्द

◆ खाद वितरण की ई-टोकन व्यवस्था किसानों के लिए सिरदर्द बनी हुई है। किसानों उनकी आवश्यक मात्रा में समय पर खाद न मिलने खेती कैसे लाभ का धंधा बन पाएगी। ई-टोकन खाद विक्रय व्यवस्था को समाप्त कर पुरानी व्यवस्था लागू की जाए।

– **भगवान दास राठी,** कृषक एवं समाजसेवी बरेली




## 'वर्ल्ड हेल्थ डे' के अवसर पर डीपीएस सागर में डेंटल हेल्थ कैम्प का हुआ आयोजन

**सागर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल सागर में वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर जे.सी.आई. के नेतृत्व में डेंटल हैल्थ कैम्प का सफल आयोजन किया है। डेंटल हेल्थ कैम्प का उद्घाटन सुबह करीब दस बजे से विद्यालय के गतिविधि कक्ष में हुआ। जिसमें मुख्यातिथि द्वये के रूप में डॉ. प्रियल जैन डेंटिस्ट डॉ. परिधि जैन, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सारांश जैन जेसीआई प्रेसिडेंट अध्यक्ष, सागर, अपूर्व जैन, अक्षय जैन जेसीआई सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गई। विद्यालय प्राचार्य डॉ. रविकान्त बाजपेयजुला ने आगंतुकों का पौधा भेंट कर अभिनंदन किया तथा कार्यक्रम की रूप - रेखा का विवरण दिया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की मुख्यातिथि डॉ. प्रियल जैन ने कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कक्षा आठवी से दसवी तक के विद्यार्थियों को डेंटल एण्ड ओरल हाइजीन का महत्व बताते हुए दाँतों से संबंधित होने वाली विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया तथा उपचार के उपाय तथा सावधानियाँ बताईं। तदुपरान्त विद्यार्थियों के लिए डेंटल ओरल हाइजीन पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन कराया। विद्यालय की कक्षा नवमीं की छात्रा आर्या जैन ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्यातिथि द्वारा विजेता छात्रा को पुरुस्कृत किया। डॉ. प्रियल जैन तथा उनकी सहायक डॉ. परिधि जैन ने विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के दाँतों के स्वास्थ्य की जाँच कर उपचार के उपाय सुझाए तथा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को स्टील की वॉटर बॉटल वितरित कर प्लास्टिक की बोतल में पानी न लाने की सलाह दी।

# नप के सफाई कर्मचारियों ने पांच मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

### चेतावनी : 7 दिवस में मांगें पूर्ण करें अन्यथा सफाई कार्य बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों द्वारा पांच प्रमुख मांगों के संबंध में सीएमओ, नप अध्यक्ष एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। 7 दिवस में 5 मांगे पूर्ण न होने की स्थिति में 14 अप्रैल से हड़ताल और नगर का सफाई कार्य न किए जाने की चेतावनी दी है।

नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन प्रतिमाह वेतन 1 से 5 तारीख के भीतर भुगतान करने, सफाई कर्मचारियों का एरियर्स राशि भुगतान करने, सफाई कर्मचारियों की एनपीएस/ईपीएफ राशि खातों में जमा करने की मांग की है। 2017 के बाद सफाई कर्मचारियों का ईपीएफ राशि खातों में जमा करने की मांग




की है। इसी के साथ निर्यायत और विनियमित सफाई कर्मचारियों को द्वितीय शनिवार का अवकाश देने संबंधी प्रमुख मांग रखी है। सभी मांगे 7 दिवस में पूर्ण करने के साथ अन्यथा की स्थिति में 14 अप्रैल से नगर का सफाई कार्य बंद करने की भी चेतावनी दी है। ज्ञापन सोंपते समय पुरुष एवं महिला सफाई कार्मचारियों की उपस्थिति रही।

समर्थन मूल्य पर फसल उर्पाजन केन्द्रों की सूची नहीं हुई जारी

# खरीद में देरी से किसान कम दाम में बेच रहे गेहूं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

पहले एक अप्रैल से बाद में 10 अप्रैल से गेंहू की समर्थन मूल्य पर खरीद शुरु करने की घोषणा सरकार द्वारा की गई। समीक्षा बैठक में भोपाल संभाग में 9 अप्रैल से खरीद और 7 अप्रैल से स्लाट बुकिंग का आदेश सामने आया। मंगलवार तक खरीदी केन्द्रों की सूची जारी नहीं हुई है। ऐसी स्थिति में खरीदी केन्द्रों वेयर हाउसों पर वारदाना सहित तौल खरीद की अन्य व्यवस्थाएं कैसे हो पाएगी।

किसानों में गेंहू खरीद की बिगड़ी व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक चर्चा है। गेंहू खरीदी में हो रहे विलम्ब के कारण किसानों द्वारा अपनी आर्थिक जरूरतें, कर्ज जमा करने, विवाह इत्यादि की व्यवस्थाओं एवं मूंग की खेती में लागत लगाने मंडी में समर्थन मूल्य से कम भवों पर गेंहू बैचना मजबूरी बन रहा है।



### लापरवाही का माहौल

यदि समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद शुरु होती तो क्या खरीदी केन्द्र नहीं बनते, 10 दिनों का समय बढ़ जाने के बाद जब 9-10 अप्रैल से गेंहू की खरीद तौल शुरु होना है। खरीदी केन्द्रों की सूची का प्रकाशन न होना, गेंहू खरीद व्यवस्थाओं में बड़ी चूक और लापरवाही माना जा रहा है। 7 अप्रैल से स्लाट बुङ्कषकग के दौरान पोर्टल पर कुछ बने केन्द्रों की सूची देखने मजबूर बने हुए है। जबकि खरीदी केन्द्रों की सूची तो 8-10 दिनों पूर्व ही घाषित हो जाती तो केन्द्र स्पष्ट और किसानों को स्लाट बुङ्कषकग में सहूलियत होती।

### कम भाव पर बेचना मजबूरी

जिस प्रकार इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद व्यवस्थाओं में घोर लापरवाही का माहौल बना हुआ है। जरूरत मंद किसानों द्वारा समर्थन मूल्य से कम भावो पर व्यापारियों को गेंहू बैचा जा रहा है। विवाहों का सीज़न शुरु हो रहा है। बिना धनराशि किसान विवाहों की खरीददारी कैसे कर पाएगें, समस्या बनी हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खरीदी केन्द्र बनाने की प्रक्रिया जारी है। आज बुधवार को खरीदी केन्द्रों की सूची जारी होने की संभावना बताई जा रही है।

### ग्राम हरदौट निवासी बुजुर्ग महिला ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनसुनवाई में दिया आवेदन

# बुजुर्ग मां की फरियाद : कहा- बड़े और छोटे बेटे ने घर, खेत-खलिहान पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले की तहसील गैरतगंज के ग्राम हरदौट निवासी एक बुजुर्ग महिला ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनसुनवाई में अपनी ही औलाद के खिलाफ न्याय की गुहार लगाई। आंखों में आंसू और आवाज में बेबसी लिए मुल्लो बाई प्रजापति ने कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को शिकायती आवेदन सौंपते हुए कहा कि बड़े और छोटे बेटे ने उनकी जमीन-जायदाद, मकान, दुकान पर कब्जा जमा लिया है। इतना ही नहीं, उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। जिससे अब उनके सामने दो वक्त की रोटी का संकट भी खड़ा हो गया है।

मुल्लो बाई ने आवेदन में बताया कि उनके पति का करीब 25 साल पहले निधन हो गया था। पति के निधन के बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई थी। उन्होंने मजदूरी और खेती-बाड़ी कर जैसे तैसे परिवार को संभाला।बच्चों का पालन-पोषण किया और बेटों-बेटियों की शादी तक कराई। लेकिन अब जब वे बुजुर्ग हो चुकी हैं, तो उनके सगे बड़े बेटे प्रहलाद प्रजापति और छोटे बेटे तुलसीराम प्रजापति ने उन्हें घर से बेदखल कर दिया है।

## दस्तावेज, जेवर और बाइक भी हड़पने का आरोप

मुल्लो बाई ने यह भी आरोप लगाया कि दोनों बेटों ने जमीन, मकान और दुकानों से जुड़े जरूरी दस्तावेज भी अपने कब्जे में कर लिए हैं। साथ ही सोना-चांदी के जेवर भी हड़प लिए गए। बुजुर्ग महिला ने बताया कि मंझले बेटे केशव की बाइक तक छीन ली गई। इस पूरे घटनाक्रम के बाद वे और उनका मंझला बेटा लगातार मानसिक, सामाजिक और आर्थिक प्रताड़ना झेल रहे हैं। जनसुनवाई में पहुंची बुजुर्ग महिला मुल्लो बाई ने कलेक्टर से हाथ जोड़कर कहा - साहब अब बुढ़ापे में पेट भरना भी मुश्किल हो गया है।



## जिला प्रशासन से जांच और कार्रवाई की मांग

बुजुर्ग मुल्लो बाई ने जिला और स्थानीय प्रशासन से इंसाफ दिलाने की मांग की है। साथ ही कहा है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और उनकी संपत्ति, खेत, मकान, दुकान पर उनका वैधानिक अधिकार बहाल कराया जाए। साथ ही उन्हें प्रताड़ित करने वाले बेटों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। जनसुनवाई में आए इस मामले ने एक बार फिर बुजुर्गों के संपत्ति अधिकार और पारिवारिक प्रताड़ना जैसे गंभीर मुद्दों को सामने ला दिया है। अब देखना है कि प्रशासन मामले में बुजुर्ग महिला को कितनी जल्दी राहत दिला पाता है।

## अब मंझले बेटे घर ले रही शरण

बुजुर्ग महिला मुल्लो बाई ने बताया कि दोनों बेटों और उनके परिवार के तिरस्कार व प्रताड़ना से तंग आकर उन्हें मजबूरी में अपने मंझले बेटे केशव प्रजापति के यहां शरण लेनी पड़ रही है। आरोप है कि बड़े और छोटे बेटे ने न सिर्फ उनकी जमीन-जायदाद पर कब्जा कर लिया। बल्कि घर, दुकान और खेत-खलिहानों को भी अपना बताकर उन पर हक जताना शुरू कर दिया है। खेत में लगी चने की फसल को भी दोनों बेटे काटकर कर बेच दी।

## खेतों में घुसता है बारिश का पानी फसलें हो रहीं बर्बाद

जनसुनवाई में आए जनपद पंचायत बाड़ी के ग्राम देहरी कला के किसानों ने बताया कि पीडब्ल्यूडी ने शिवतला से सनखेड़ी-देहरी कला तक सड़क तो बना दी, लेकिन नाली और पानी निकासी की व्यवस्था करना भूल गया। अब खेतों में पानी भरने के कारण फसलें खराब होने लगी हैं। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते जल निकासी के इंतजाम नहीं किए गए, तो आने वाले समय में खेती को और ज्यादा नुकसान होगा।

किसानों ने कलेक्टर श्री विश्वकर्मा से मांग की है कि पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की लापरवाही पर कार्रवाई करते हुए जल्द स्थायी समाधान कराया जाए। मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेजकर निरीक्षण कराया जाए और जल्द से जल्द नाली निर्माण व जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए। ताकि किसानों को राहत मिल सके।

# ज्वेलर्स दुकान पर चोरों का धावा, ले उड़े चांदी के जेवर

### पुलिस और एफएसएल टीम जांच में जुटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है, जहां अज्ञात चोरों ने मुख्य बाजार स्थित एक ज्वेलर्स दुकान को निशाना बनाते हुए नवागत थाना प्रभारी को खुली चुनौती दे दी। घटना आज़ाद मार्केट स्थित गोविन्द ज्वेलर्स की है, जहां सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर चांदी के जेवरात पार कर दिए। चोरी गए सामान में पायल सहित अन्य आभूषण शामिल हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब एक लाख रुपये बताई जा रही है।

दुकान संचालक गोविन्द सोनी को घटना की जानकारी मंगलवार सुबह तब लगी। ताला टूटा हुआ देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत थाना सिलवानी पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संजीत परते पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही रायसेन से आई एफएसएल टीम और पुलिस डॉग स्क्वॉड ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जांच में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है, गौरतलब है कि थाना प्रभारी संजीत परते ने महज तीन दिन पहले ही सिलवानी थाने में पदभार ग्रहण किया है। ऐसे में मुख्य मार्ग पर स्थित दुकान में हुई यह चोरी पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बीते माह भी नगर में चोरी की कई वारदातें हो चुकी हैं, जिससे आमजन और व्यापारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है और जल्द ही खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

# आम जनता और सरकार के बीच धुरी बनकर कार्य करें कार्यकर्ता: प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मंगलवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल का पहली बार नगर व जिला कार्यालय में आगमन पर जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूलमाला और पुष्प वर्षा के साथ गर्म जोशी से स्वागत किया।

प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल द्वारा सर्वप्रथम श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आम जनता और सरकार के बीच की धुरी के रूप में हमारे कार्यकर्ता कार्य करते हैं, श्री अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में जो प्रशिक्षण वर्ग चल रहे हैं वह समय पर और व्यवस्थित ढंग से चलना चाहिए, पार्टी की कार्य पद्धति और विचारधारा से ही संगठन आगे बढ़ पाता है, उन्होंने सभी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से आवाहन करते हुए कहा कि जब-जब भी आपको संगठन जो जिम्मेदारी दे उसे पूरी निष्ठा और लगन से करना है।




### करंट की चपेट में आईं दो गाय, उन्हें बचाने पहुंचे दो ग्रामीणों को भी लगा झटका

# रमपुराकलां में बिजली विभाग की लापरवाही बनी जानलेवा, मौत के खुले जाल में फंस रहे मवेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

तहसील के रमपुरा कलां क्षेत्र में बिजली विभाग की घोर संवेदनहीनता अब ग्रामीणों और मवेशियों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। यहां लगे ट्रांसफार्मर और उनके खुले झूलते तार हादसे को न्योता दे रहे हैं। आलम यह है कि गांव के बीचों-बीच स्थित यह ट्रांसफार्मर अब 'काल का अड्डा' बन चुका है, जहाँ आए दिन करंट की चपेट में आने से मवेशियों की मौत हो रही है।

बीती रात उक्त खुले ट्रांसफार्मर से फैले करंट की चपेट में आने से 2 गायें बुरी तरह झुलस गईं। इनमें से एक गाय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरी गाय गंभीर रूप से घायल है। ग्रामीण अजब सिंह लोधी और भागवत लोधी गायों को बचाने दौड़े, तो वे खुद भी करंट की चपेट में आ गए। गनीमत रही कि दोनों ग्रामीणों को सिर्फ करंट का झटका ही लगा। ग्रामीणों का कहना है कि अगर वे थोड़ी देर और करंट की पकड़ में रहते, तो जीवित नहीं बचते।

ग्रामीणें का कहना है कि विभाग यदि 24 घंटे में ट्रांसफार्मर की फेंसिंग नहीं कराई और तारों को दुरुस्त नहीं किया, तो वे उग्र आंदोलन और विभाग का घेराव करने मजबूर होंगे।



### इनका कहना है

आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है विद्युत विभाग के जेई को बोलकर दिखवाते है और ट्रांसफार्मर के सुरक्षा की व्यवस्था करवाते हैं।

**- अंकित जैन,** एसडीएम गैरतगंज।

### विभाग की 'कुंभकर्णी' नींद, 15 दिन में दूसरी बड़ी घटना

ग्रामीणों ने बताया कि 15 दिन पहले ही इसी जगह पर करंट लगने से एक गाय की मौत हो गई थी। इसकी सूचना लिखित और मौखिक रूप से बिजली विभाग के अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। ट्रांसफार्मर के चारों ओर सुरक्षा के लिए कोई जाली या बाउंड्री वॉल नहीं है। ट्रांसफार्मर से निकले हाई-वोल्टेज तार जमीन के काफी करीब हैं, जिससे मवेशी आसानी से इनके संपर्क में आ जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### सिलवानी में कृषि मेले के प्रचार वाहन रवाना

**सिलवानी।** आगामी 11 से 13 अप्रैल तक रायसेन में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के उन्नत कृषि मेला, प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सिलवानी नगर में विशेष पहल की गई। पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने बजरंग चौराहा पहुंचकर प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रवाना किए गए ये प्रचार वाहन सिलवानी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं कस्बों में पहुंचकर किसानों को उन्नत कृषि मेला, प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी देंगे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, विभोर नायक, जिला उपाध्यक्ष दीपक रघुवंशी, दीपेंद्र पाल, संदीप शर्मा, पप्पू ठाकुर, जयबाबू जैन, सलीम काजी, पुनीत समैया, पार्षद प्रदीप कुशवाहा, सर्वेश खरे सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके साथ ही कृषि विभाग के एसडीओ सुनील मालवीय, कृषि फार्म अधिकारी रघुवीर कुशवाहा, जनपद पंचायत सीईओ नीलम रैकवार सहित बड़ी संख्या में किसान एवं क्षेत्रीय नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### जैव-विविधता पुरस्कार के लिए आमंत्रण 20 तक

**रायसेन।** प्रदेश में जैव-विविधता संरक्षण को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय वार्षिक जैव विविधता पुरस्कार-25 के लिये प्रविष्टियाँ 20 अप्रैल 2026 तक आमंत्रित की गई हैं। विभिन्न श्रेणियों में जैव-विविधता पुरस्कार के लिये जैव-विविधता स्वामित्व रखने वाले वन, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन, जल संसाधन विभाग और जैव-विविधता प्रबंधन समिति ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका तथा नगर निगम स्तर पर गठित जैव-विविधता प्रबंधन समितियाँ।

# बिगड़े मौसम ने किसानों की बढ़ाई चिंता, स्लॉट बुकिंग ठप

### 10 अप्रैल की बजाय अब एक दिन पहले यानी 9 अप्रैल से शुरू होगी समर्थन मूल्य पर खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र में एक बार फिर मौसम खराब हो गया है, जिससे किसानों की चिंताएं बढ़ गई है। आसमान में बादलों की घिरती परत और मौसम में नमी ने फसलों पर संकट खड़ा कर दिया है। खेतों में कटी हुई गेहूं की फसल खुले में पड़ी है, जिस पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है।

मौसम विभाग ने आसपास के जिलों में बारिश की संभावना जताई है। इस चेतावनी के बाद किसान और ज्यादा सतर्क हो गए हैं। किसान दिन-रात खेतों में रहकर उपज की रखवाली कर रहे हैं, कई किसान अस्थायी तिरपाल से फसल को सुरक्षित रखने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि बारिश से नुकसान को कम किया जा सके।

इधर, समर्थन मूल्य पर खरीदी को लेकर भी किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पहले 10 अप्रैल से खरीदी शुरू होने की बात थी, लेकिन अब इसे एक दिन पहले यानी 9 अप्रैल से शुरू करने का निर्णय लिया है। हालांकि, मंगलवार को स्लॉट बुकिंग होना था, लेकिन साइट नहीं चलने से किसान स्लॉट बुक नहीं कर सके। इससे किसानों में नाराजगी और चिंता दोनों बढ़ गई हैं।



### दोहरी मार से किसान परेशान

किसानों का कहना है कि एक तरफ मौसम की मार है तो दूसरी तरफ तकनीकी समस्याओं के कारण खरीदी प्रक्रिया में देरी हो रही है। जल्द समाधान नहीं हुआ, तो उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है।

हालांकि, मौसम की अनिश्चितता और बार-बार हो रही बारिश की चेतावनी ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अब सभी की नजरें मौसम पर टिकी हुई हैं, ताकि फसल को किसी बड़े नुकसान से बचाया जा सके। समय रहते राहत मिल सके और उनकी मेहनत पर पानी न फिर जाए।

# नहर वाली पुलिया के पास बागड़ में लगी आग, लोगों ने काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

मंगलवार को दोपहर के समय भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर नहर वाली पुलिया के पास खेत की बागड़ में आग लग गई। वो तो गनीमत रही कि समय रहते स्थानीय रहवासियों और सलामतपुर पुलिस ने पानी डालकर आग बुझा दी। वरना आग आसपास के खेतों तक फैल सकती थी। जिससे बड़ी जनहानि होने की संभावना थी।

ऐसी आशंका जताई जा रही है कि आगजनी की घटना किसी के जलती हुई बीड़ी या सिगरेट फेंकने की वजह से लगना बताया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मंगलवार दोपहर लगभग 1 बजे थाने में सूचना आई कि नहर वाली पुलिया के पास खेत की बागड़ में आग लग गई है। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने तत्काल पुलिस बल मौके पर भेजा। जब पुलिस बल मौके पर पहुंचा तो स्थानीय रहवासियों की काफी भीड़ जमा हो गई थी। जो आग को पानी डालकर बुझाने के प्रयास कर रही थी। पुलिस ने भी आग बुझाने में मदद की। और समय रहते आग बुझ गई।



गौरतलब है कि सलामतपुर सहित आसपास क्षेत्र में कहीं भी फायर ब्रिगेड की व्यवस्था नही है। जिसकी वजह से कई आगजनी की घटनाओं में समय रहते मदद नही मिल पाती।

### जल संरक्षण का संकल्प लिया

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नहर में किया सफाई कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सेमरा में मंगलवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रस्फुटन समिति द्वारा नहर की साफ-सफाई का कार्य किया गया। इस दौरान ग्रामीणों और समिति सदस्यों ने मिलकर नहर से गंदगी और अवरोध हटाकर जल प्रवाह को सुचारू बनाने का प्रयास किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को जल संरक्षण का महत्व समझाया गया और जल बचाने की शपथ भी दिलाई गई। वक्ताओं ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास बेहद जरूरी हैं। यदि समय रहते जल स्त्रोतों का संरक्षण नहीं किया गया, तो आने वाले समय में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।




कार्यक्रम के अंत में सभी ने यह संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से जल स्त्रोतों की सफाई और संरक्षण के लिए कार्य करते रहेंगे तथा गांव में जल बचाओ अभियान को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक आनंद नेमा, मनोहर पाल, श्रवण कुमार, नरेश लोधी सहित समिति सदस्य, सचिव, उपाध्यक्ष एवं अन्य ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### बजट में विकास कार्यों पर दिया जोर, करों में किया आंशिक बदलाव

# गैरतगंज नगर परिषद ने पेश किया 74.84 करोड़ का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

नगर परिषद् कार्यालय में नप अध्यक्ष जिनेश सिंघई की अध्यक्षता और उपाध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर एवं पार्षदगणों की उपस्थिति में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 74.84 करोड़ रुपये का महत्वाकांक्षी बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया।

इस बजट की खास बात यह रही कि इसमें 3,26,515 रुपये का लाभ दर्शाया गया है, जो निकाय की सुदृढ़ वित्तीय स्थिति की ओर संकेत करता है। आम जनता को राहत देते हुए परिषद् ने निर्णय लिया है कि मूलभूत करों में कोई अनावश्यक बोझ नहीं डाला जाएगा।

बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि संपत्तिकर और जलकर में कोई वृद्धि नहीं की जाएगी। दुकान किराया वर्तमान दरों को ही बरकरार रखा गया है। नवीन नल कनेक्शन लेने वालों के लिए शुल्क यथावत रहेगा। नगर में पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए परिषद् ने कई बड़े कदम उठाए हैं। वर्ष 2026-27 के लिए पेयजल योजना के संचालन और संधारण के लिए दरें आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। पानी की टंकी के पास एक नए सम्पवेल के निर्माण की स्वीकृति दी गई, जिससे जल भंडारण क्षमता में सुधार होगा। निकाय ने स्पष्ट किया है कि अवैध नल कनेक्शनों के विरुद्ध अब कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।




### राजस्व बढ़ाने के लिए चुनिंदा सेवाओं के शुल्क में वृद्धि

निकाय की आय बढ़ाने और सेवाओं के बेहतर प्रबंधन के लिए कुछ विशिष्ट शुल्कों में वृद्धि का प्रस्ताव पारित किया गया है। अब पानी के टैंकर, मैला टैंकर, आवेदन शुल्क, कचरा संग्रहण शुल्क और विज्ञापन शुल्क के लिए नई दरों का भुगतान करना होगा।

### विकास कार्यों के लिए भूमि हस्तांतरण का मार्ग प्रशस्त

शहर के विस्तार और सार्वजनिक सुविधाओं के निर्माण के लिए परिषद् ने विभिन्न वार्डों में रिक्त शासकीय भूमि को निकाय के नाम हस्तांतरित करने का प्रस्ताव शासन को भेजने का निर्णय लिया है। इसमें वार्ड नं. 11 भोपाल-सागर मार्ग पर स्थित सेवा भूमि, वार्ड नं. 15 जुझारपुर रोड पानी की टंकी के पास स्थित शासकीय भूमि, शिक्षा क्षेत्र वार्ड नं. 4 स्थित शासकीय कन्या प्राथमिक शाला एवं वार्ड नं. 8 स्थित शासकीय कन्या माध्यमिक शाला की भूमि का विकास कार्यों हेतु नियमानुसार हस्तांतरण।

### इनका कहना है

यह बजट गैरतगंज के चहुंमुखी विकास को समर्पित है। हमने कोशिश की है कि आम नागरिक पर करों का बोझ न बढ़े और विकास गति भी तेज बनी रहे।

**- जिनेश सिंघई,** अध्यक्ष, नगर परिषद् गैरतगंज।